# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

**5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001**
**हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463**
**Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org**

पत्रांक संख्या–7052/26 दिनांक 21:02-26

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,**
नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय– नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) तथा जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की परीक्षाओं की शुचिता, गोपनीयता एवं समयबद्ध सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख (पैरामेडिकल) प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) के प्रथम वर्ष एवं अन्तिम वर्ष तथा जी0एन0एम0 (प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष) तथा ए0एन0एम0 (प्रथम वर्ष व अन्तिम वर्ष) की मुख्य / पूरक परीक्षाएं वर्तमान में विभिन्न निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही हैं।

उक्त पाठ्यक्रमों की लिखित परीक्षाओं की शुचिता, गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के दृष्टिगत यह सख्त निर्देश जारी किया जाता है कि सभी परीक्षार्थियों (छात्र–छात्राओं) को समय 10:00 बजे से 15 मिनट पूर्व यानी 09:45 तक परीक्षा कक्ष में बैठाना सुनिश्चित करें एवं 09:55 के उपरान्त किसी भी छात्र / छात्रा को प्रवेश की अनुमति कदापि न दी जाए तथा परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा का प्रश्न–पत्र ऑनलाइन ठीक प्रातः 10:00 बजे परीक्षा केंद्रों को उपलब्ध कराया जाएगा।

उक्त के क्रम में दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही / अनियमितता की स्थिति में संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

**(वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी)**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।